MBBS Course Fee – Academic Session 2020-21

(उ.प्र. सरकार के शासनादेश संख्या 1791/71-4-2020-37/2015टी.सी. दिनांक 06 नवम्बर 2020 में से केवल आवश्यक टेक्सट को ही नीचे दर्शाया गया है)

संख्या– 1791 /71–4–2020–37/2015टी0सी0

प्रेषक,
डा0 रजनीश दुबे,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,
महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4 लखनऊ : दिनांक 06 नवम्बर, 2020

विषयः– निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों द्वारा संचालित स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) का शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिए शुल्क निर्धारित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–एम0ई0–3/यूजी–2020/1627 दिनांक 23.09.2020 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

	सेन्टर मथुरा।	
16	कृष्ण मोहन मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, मथुरा।	11.34
17	[illegible]	

7– फीस नियमन समिति द्वारा की गयी संस्तुतियों के आधार पर निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों द्वारा संचालित स्नातक स्तरीय पाठ्यकमों (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) के अतिरिक्त अन्य समस्त शुल्क शैक्षणिक सत्र 2020–21 हेतु एतद्द्वारा निर्धारित किये जाने की भी श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

मेडिकल (एम0बी0बी0एस0)

1. **हॉस्टल शुल्क–**
   (ए) नॉन ए0सी0 — रू0 1.50 लाख प्रतिवर्ष।
   (बी) ए0सी0 — रू0 1.75 लाख प्रतिवर्ष।
   उक्त शुल्क में मेस शुल्क सम्मिलित है। एक कक्ष में दो से अधिक छात्र नहीं रखे जायेंगे। छात्रों को ब्रेक फास्ट, लन्च व डिनर उपलब्ध कराया जायेगा। आहार पौष्टिक तथा वेरायटी का होगा।
2. **सिक्योरिटी डिपॉजिट (वापसी योग्य)–**
   हास्पिटल, लाईब्रेरी, लेबोरेट्री एवं अन्य समस्त सिक्योरिटी राशि को शामिल करते हुएः– रू0 3.00 लाख (एक बार) सिक्योरिटी की धनराशि को फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में भी जमा करायी जा सकती है। फिक्स्ड डिपॉजिट की रसीद राष्ट्रीयकृत बैंक की होनी आवश्यक है।
3. **विविध शुल्क–** रू0 0.80 लाख प्रतिवर्ष।
   उक्त विविध शुल्क में समस्त प्रकार के शुल्क एवं चार्जेज यथा विश्वविद्यालय पंजीकरण, डेवलपमेंट फीस, लाइब्रेरी फीस, स्टूडेन्ट एसोशियेशन फीस, जिम एण्ड स्पोर्टस फीस, प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क आदि सम्मिलित है। उक्त के अतिरिक्त कालेज द्वारा कोई अन्य फीस नहीं ली जायेगी।